अर्द्धवार्षिक परीक्षा, 2022-23

भूगोल

अ-XII-भूगोल

समय : 3.15 घण्टा] कक्षा—12 [पूर्णांक : 70

निर्देश—प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिये निर्धारित हैं।

नोट— (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 8 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 9 से 16 तक अतिलघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 20 शब्दों में, प्रश्न संख्या 17 से 24 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 100 शब्दों में, प्रश्न संख्या 25 व 26 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 300 शब्दों के अन्तर्गत कीजिये। प्रश्न संख्या 27 भारत के मानचित्र से सम्बन्धित तथा प्रश्न संख्या 28 संसार मानचित्र से सम्बन्धित है।

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

(iii) उपयुक्त रेखा मानचित्रों एवं आरेखों द्वारा अपने उत्तरों की पुष्टि कीजिये।

(iv) सभी प्रश्नों के लिये निर्धारित अंक उनके सम्मुख निर्दिष्ट हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

निम्न प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका पर अंकित कीजिये—

1. ज्ञान की जननी किस विषय को कहा जाता है— 1

(i) राजनीति शास्त्र (ii) मनोविज्ञान
(iii) अर्थशास्त्र (iv) भूगोल।

2. निम्नलिखित देश में किसमें अधिक जनसंख्या है— 1

(i) रूस (ii) यू.एस.ए. (iii) आस्ट्रेलिया (iv) ब्राजील।

3. निम्नलिखित में से कौन-सी एक बागाती फसल नहीं है— 1

(i) रबड़ (ii) कहवा (iii) चाय (iv) मक्का।

4. सहकारी कृषि को सर्वाधिक सफलता किस देश को मिली है— 1

(i) डेनमार्क (ii) नीदरलैण्ड (iii) बेल्जियम (iv) स्वीडन।

5. निम्न राज्यों में से कौन-सा एक समूह भारत में विशालतम भाषाई समूह है– 1

(i) चीनी-तिब्बती (ii) भारतीय-आर्य

(iii) आस्ट्रिक (iv) द्रविड़।

6. सामाजिक प्रवास के कितने रूप हैं– 1

(i) दो (ii) तीन (iii) चार (iv) पाँच।

7. परिवंहन नगर का उदाहरण है– 1

(i) रानीगंज (ii) अमृतसर (iii) मनाली (iv) मुम्बई।

8. निम्नलिखित में से कौन-सा पर्यटन नगर है– 1

(i) दिल्ली (ii) चण्डीगढ़ (iii) प्रयागराज (iv) नैनीताल।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

9. मानव भूगोल को परिभाषित कीजिये। 1

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

10. जनसंख्या घनत्व ज्ञात करने का सूत्र लिखिये। 1

11. आयु संरचना के महत्व को समझाइये। 1

12. सशक्तीकरण से क्या तात्पर्य है? 1

13. जनसंख्या दुगुना होने का समय क्या है? 1

14. प्रवास के विभिन्न परिणाम बताइये। 1

15. मानव विकास क्यों आवश्यक है? 1

16. किसी नगरीय संकुल की पहचान किस प्रकार की जा सकती है? 1

लघु उत्तरीय प्रश्न

17. मानव के प्राकृतिकरण की व्याख्या कीजिये। 4

18. नगरीय जनसंख्या की विशेषतायें समझाइये। 4

19. मानव विकास के दो स्तम्भों को लिखिये। 4

20. स्थानान्तरणशील कृषि की प्रमुख विशेषतायें बताइये। 4

21. स्त्रियों की निम्न सहभागिता के प्रमुख कारणों को समझाइये। 4

22. प्रवास के सांस्कृतिक प्रभाव बताइये। 4

23. पर्यावरण पर जनसंख्या का प्रभाव बताइये। 4

24. भारत में नगरीय अधिवासों के प्रकारों का वर्णन कीजिये। 4

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

25. विश्व में जनसंख्या के वितरण और घनत्व को प्रभावित करने वाले कारकों की विवेचना कीजिये। 6

अथवा

मानव विकास शब्द से आपका क्या अभिप्राय है? समझाइये।

26. भारत में जनसंख्या के असमान वितरण के कारणों का वर्णन कीजिये। 6

अथवा

भारत में आदिवासी जनसंख्या के प्रमुख क्षेत्रों का उल्लेख कीजिये तथा उनकी वातावरणीय समस्याओं का विवरण दीजिये।

(मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

27. भारत के दिये गये मानचित्र में निम्नांकित को उपयुक्त चिन्हों द्वारा दर्शाइये और उनके नाम भी लिखिये—

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

(i) भारत की चाय उत्पादक का सबसे बड़ा राज्य ☆ चिन्ह द्वारा। ½+½

(ii) सतपुड़ा पर्वत श्रेणी ▲ चिन्ह द्वारा। ½+½

(iii) अरब सागर ☐ चिन्ह द्वारा। ½+½

(iv) कोयम्बतूर ● चिन्ह द्वारा। ½+½

(v) मैंगनीज उत्पादन का प्रमुख राज्य + + चिन्ह द्वारा। ½+½

28. संसार के दिये गये रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिन्हों द्वारा दर्शाइये और उनके नाम भी लिखिये—

(i) वह क्षेत्र जहाँ जनसंख्या घनत्व 200 से अधिक है ☐ चिन्ह द्वारा। ½+½

(ii) नीदरलैण्ड ✲ चिन्ह द्वारा नाम सहित। ½+½

(iii) एशिया का विस्तृत अनाज कृषि क्षेत्र ✦ चिन्ह द्वारा नाम सहित। ½+½

(iv) जापान का सबसे बड़ा नगर ✧ चिन्ह द्वारा नाम सहित। ½+½

(v) ऑस्ट्रेलिया का एक प्रमुख वायु पत्तन ✡ चिन्ह द्वारा नाम सहित। ½+½

●●